CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
6.7.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com
4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
» वर्ष-2 » अंक - 31 »

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पब से बचाई गईं 32 लड़कियां

#### अश्लील काम के लिए किया जा रहा था मजबूर

बेंगलुरु (आरएनएस)। शनिवार रात 10 बजे बेंगलुरु के इंदिरानगर के एक पब में पुलिस ने छापा मारकर 32 लड़कियों को बचाया. इन्हें ग्राहकों के सामने जबरदस्ती डांस और अश्लील काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था. पुलिस को इस बात की जानकारी मिली थी कि 80-फीट रोड स्थित मैंगो ट्री पब का इस्तेमाल डांस बार की तरह हो रहा है और वहां अवैध गतिविधियां चल रही हैं. पुलिस ने शनिवार को जब छापा मारा तो वहां 32 लड़कियां और 60 ग्राहक मौजूद थे. पुलिस को देखते ही सभी ग्राहक भाग खड़े हुए. पूछताछ पर लड़कियों ने बताया कि उन्हें हर शुक्रवार और शनिवार को डांस करने के लिए वहां लाया जाता था. अधिकतर लड़कियां यूपी और पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं.

### पाकिस्तान में भारी बारिश, अब तक 14 की मौत

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के पंजाब और पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में मूसलाधार बारिश से हुई तबाही में 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि देश में मंगलवार को भारी बारिश होनी शुरू हुई जो बुधवार को भी जारी रही। प्राधिकरण ने कहा कि बारिश से सर्वाधिक प्रभावित पंजाब प्रांत हुआ है, जहां 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 17 घायल हैं।

### ईरान ने दी तेल मार्ग को बंद करने की धमकी

लंदन (आरएनएस)। ईरान रिवोलुशनरी गार्ड ने बुधवार को धमकी दी कि अमेरिका यदि ईरान के तेल बिक्री पर प्रतिबंध लगायेगा तो वह होरमुज जलसंधि से होकर पश्चिम एशियाई देशों को जाने वाले तेल के जहाजों का मार्ग बंद देगा।
यंग जर्नलिस्ट क्लब वेबसाइट के अनुसार, इस्माइल कोवसारी ने कहा, अगर वे ईरान का तेल निर्यात रोकेंगे तो हम होरमुज जलसंधि से किसी तेल के जहाज को गुजरने नहीं देंगे।

### ईनाम में चार पहिया वाहन मिलने का झांसा देकर युवक से 2 लाख की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। लक्की ड्रॉ में चार पहिया वाहन फंसने का झांसा देकर युवक से 1 लाख 92 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मूसलाधार बारिश के चलते अमरनाथ यात्रा स्थगित

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच अमरनाथ यात्रा एक बार फिर रोक दी गई है। बालटाल और पहलगाम दोनों ही रास्तों से यात्रा फिलहाल बंद है। बता दें कि बुधवार को ही भूस्खलन और खराब मौसम की वजह से यात्रा के दौरान तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि पांच घायल हो गए थे। उसके बाद यात्रा रोक दी गई थी।

### नेपाल में 4.1 तीव्रता के भूकंप

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल के धाडिंग जिले में गुरुवार को 4.1 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल के राष्ट्रीय भू-सर्वेक्षण केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र धाडिंग जिले के झारलांग में था। नेपाल के दैनिक अखबार ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह सात बजकर 21 मिनट पर महसूस किए गए।
भूकंप के कारण जान-माल के हानि की सूचना नहीं है।

### इस वर्ष के अंत तक राममंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो जायेगाः आलोक कुमार

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने उम्मीद जतायी है कि इस वर्ष के अंत तक सभी बाधाओं को दूर करते हुए कानून एवं संविधान सम्मत तरीके से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो सकता है। विश्व हिन्दू परिषद के कार्याध्यक्ष ने कहा, ''उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय आयोध्या मामले की सुनवाई रोजाना आधार पर करेगा । अगर ऐसा होता है तब इस मुद्दे पर सितंबर तक फैसला आ सकता है। ऐसा मुझे विश्वास है और यह बात मैं परिस्थितजन्य मूल्यांकन के आधार पर कह रहा हूं।''उन्होंने कहा कि छह जुलाई से राम मंदिर बाबरी मस्जिद मामले की सुनाई शुरू हो जायेगी और हो सकता है कि जुलाई के अंत तक स्थिति कुछ स्पष्ट हो जाए। आलोक कुमार ने कहा कि अगर किसी कारण से सुनवाई आगे नहीं बढ़ती है तब विश्व हिन्दू परिषद वापस संतों एवं संत समाज के पास जायेगी और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करके आगे की कार्रवाई करेगी। साल के अंत तक राम मंदिर का निर्माण शुरू होने के बारे में आशान्वित होने का कारण पूछे जाने पर विहिप के कार्याध्यक्ष ने कहा, ''मैं यह मानता हूं कि कानून के अनुरूप सभी चीजें हमारे पक्ष में है, इसलिये कह रहा हूं कि उच्चतम न्यायालय इस मामले की रोजाना सुनवाई करे।''

# एक साथ बाहर नहीं आएगी गुफा में फंसी टीम

मे साई (आरएनएस)। थाईलैंड में बाढ़ग्रस्त गुफा में फंसी फुटबॉल टीम के 11 बच्चों और उनके कोच का पता चलने के बाद उन्हें बचाने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान की देखरेख कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि 12 खिलाड़ी और उनके कोच को एक ही बार में बाहर नहीं निकाला जा सकता है। चिआंग राय प्रांत के गवर्नर नारोंगसक ओसातानाकोर्न ने बुधवार को कहा, 'सभी 13 लोगों को एक ही बार में बाहर नहीं निकाला जा सकता। अगर उनका स्वास्थ्य ठीक और व्यक्ति 100 फीसदी तैयार है तभी वह बाहर आ सकता है।'



**हर रोज होगा स्वास्थ्य का आकलन**

उन्होंने बताया कि अधिकारी हर दिन इसका आकलन करेंगे कि क्या वह बाहर निकलने के लिए तैयार हैं और अगर कोई जोखिम होगा तो हम आगे नहीं बढ़ेंगे। ताजा विडियो में लड़के और उनके कोच थाईलैंड की नेवी सील के साथ अंधेरी गुफा में बैठे हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर फ्लैश लाइट की रोशनी पड़ी जिसमें वे गर्म कंबल ओढ़े बैठे हुए हैं और उन्होंने पारंपरिक अभिवादन के तौर पर अपने दोनों हाथो को जोड़ा। बच्चों ने एक-एक करके अपना नाम बताया और यह भी बताया कि वे स्वस्थ हैं।

### डाइविंग मास्क और सांस लेने का अभ्यास किया

**नारोंगसक ने बताया कि लड़कों ने डाइविंग मास्क पहनने और सांस लेने का अभ्यास किया, लेकिन उनका मानना है कि उन्होंने अभी तक गोताखोरी का कोई अभ्यास नहीं किया। बता दें कि 11 से 16 वर्ष की आयु के ये खिलाड़ी और उनके 25 वर्षीय कोच 23 जून को फुटबॉल के एक मैच के बाद उत्तरी चिआंग राय प्रांत में थाम लुआंग नांग नोन गुफा देखने निकले थे और इसके बाद वे लापता हो गए थे।**

### ब्रिटिश गोताखोर ने ढूंढ़ा टीम को

**भारी बारिश के कारण गुफा के जलमग्न होने से वे उसमें फंस गए थे। एक ब्रिटिश गोताखोर ने सोमवार रात को उन्हें ढूंढा था। लड़कों को देखकर उनके परिवार के सदस्यों ने थोड़ी राहत की सांस ली और अधिकारी गुफा तक इंटरनेट केबल लगाने पर काम कर रहे हैं ताकि माता-पिता अपने बच्चों से बात कर सकें।**

## लू की चपेट में कनाडा, 15 लोगों की मौत

ओटावा (आरएनएस)। पूर्वी और मध्य कनाडा में बीते सप्ताहांत से लू चलने से 15 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, सभी मौतें मॉन्ट्रियल में हुई हैं, जहां बुधवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। यह लू शुक्रवार तक चलने की संभावना है। मॉन्ट्रियल प्रशासन ने स्थानीय लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। दमकलकर्मी मॉन्ट्रियल में घर-घर जाकर संभावित जोखिम पर नजर रख रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शहर में ड्रॉप-इन कूलिंग सेंटर्स की स्थापना की है।

## फेक न्यूज रोकने के लिए वॉट्सऐप का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोशल मीडिया पर अफवाहों के दौर के बीच वॉट्सऐप ने बड़ा ऐलान कर दिया है। व्हाट्सएप ने कहा है कि फेक न्यूज का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट ऐसी खबरों पर रिसर्च करें। इसके लिए एक्सपर्ट्स को 34 लाख रुपये मिलेंगे। बुधवार को वॉट्सऐप ने रिसर्च करने वाले एक्सपर्ट के लिए ग्लोबल अवॉर्ड का ऐलान किया है।



कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक वॉट्सऐप अपने यूजर्स की सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर हैं। ऐसे में हम इस नए प्रोजेक्ट के जरिए भारत के बड़े शैक्षिक जानकारों को साथ जोडने़ के लिए तैयार हैं। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य ये पता लगाने की है कि आखिर कैसे गलत जानकारी को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए फैलाया जाता है। इस रिसर्च की मदद से हम लोगों को फेक न्यूज (झूठी खबर) को पहचानने और गलत जानकारी को रोकने की कोशिश करेंगे, जिससे वो फेक न्यूज को आगे बढने़ से रोकें। वॉट्सऐप ने बुधवार को सरकार से कहा, वह प्लैटफॉर्म पर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को लेकर चितिंत है। इस मामले में सरकार, समाज और टेक्नॉलजी कंपनियों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी वॉट्सऐप ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। पत्र में कंपनी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हुए हिंसा के मामलों पर वह भी चिंतित है और जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस पहल की जाएगी।

## गैंगरेप पीड़ित बच्ची की आईसीयू में फोटो खींच रही थी नर्स

**तुरंत हुई गिरफ्तार**

इंदौर (आरएनएस)। मंदसौर गैंगरेप सर्वायवर बच्ची की पहचान उजागर करने वाली नर्स के खि़लाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गयी है. इंदौर के एम वाय अस्पताल की नर्स रमा कुशवाह के खि़लाफ आईटी और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है.

मंदसौर में पिछले हफ़्ते गैंगरेप की शिकार बच्ची इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती है. यहां उसका इलाज चल रहा है. बुधवार रात बच्ची सो रही थी उस दौरान नर्स ने बच्ची की फोटो खींचकर उसे वायरल कर दिया था. उसे फोटो खींचते हुए एक अधिकारी ने देख लिया था. आला अफसरों को मिलते ही शिकायत मिलते ही नर्स को गिरफ़्तार कर लिया गया था. नर्स के खि़लाफ तत्काल आईटी और पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की गयी. पुलिस उस नर्स से पूछताछ कर रही है.

इस बीच एमवाय अस्पताल ने बच्ची का मेडिकल बुलेटिन जारी किया है. उसकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है.

हालांकि अभी वो बयान देने की स्थिति में है या नहीं, इसका फैसला नहीं हो पाया है. आज मेडिकल बोर्ड की बैठक हो रही है.

मंदसौर में पिछले हफ़्ते स्कूल से लौटते वक्त ये बच्ची गैंगरेप की शिकार हो गयी थी. उसकी हालत बेहद गंभीर थी. दोनों आरोपियों इरफान और आसिफ को गिरफ़्तार कर लिया गया था.

## शशि थरूर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुनंदा पुष्कर की मौत मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को अग्रिम जमानत दे दी है। थरूर को 1 लाख रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा। तिरुवनंतपुरम से सांसद को इस मामले में पहले ही बतौर आरोपी समन किया जा चुका है। स्पेशल जज अरविंद कुमार ने बुधवार को याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। पुलिस की ओर से सरकारी वकील अतुल श्रीवास्तव ने कोर्ट में सांसद की मांग का विरोध किया था।



सरकारी वकील ने कहा था कि आरोपी नेता इस छूट का फायदा उठाकर देश छोड़कर भाग सकते हैं। दूसरी ओर थरूर की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि आरोपी एक सांसद हैं और मामले में चार्जशीट भी दायर हो चुकी है, इस नाते उन्हें गिरफ्तारी से राहत मिलनी ही चाहिए। कांग्रेस नेता ने मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए मंगलवार को कोर्ट में याचिका दायर की थी।

## तखतपुर पूर्व विधायक के पुत्र ने कान्स्टेबल से की मारपीट, अधिकारी की फाड़ी वर्दी

### फोन पर एसडीओ को धमकी, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस आरक्षक के गुप्तांग में लात मारने वाले और एसआई की वर्दी को फाड़ने वाले सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में विभिन्न धाराओं के तहत खड़ा किया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस सभी आरोपियों को कोर्ट की कार्रवाई में शामिल है। जिला पुलिस कप्तान आरिफ शेख ने बताया कि कानून से कोई बड़ा हो ही नहीं सकता। कोई भी व्यक्ति वह आम या खास क्यों ना हो गलत काम करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।



पुलिस हवाले से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर के दोनों लड़के निक्की खाण्डेकर और तरूण खाण्डेकर (पूर्व जनपद अध्यक्ष मुंगेली) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पर बुधवार की रात पुलिस आरक्षक और इंस्पेक्टर से मारपीट का आरोप है। तरूण खाण्डेकर मुंगेली का पूर्व जनपद अध्यक्ष रह चुका है।

### आरक्षक की गुप्तांग में लात मारा

जानकारी के अनुसार तखतपुर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी बुधवार की रात पेट्रोलिंग करने निकली। इसी दौरान चौक में पन्द्रह सोलह लोग खड़े थे। पेट्रोलिंग गाड़ी से निकलकर आरक्षक डहरिया ने सभी को चौक में खड़े नहीं रहने को कहा। आरक्षक डहरिया ने सभी लोग से निवेदन किया कि अपने घर जाएं। शराब के नशे में मस्त पूर्व बीजेपी विधायक और राज्य सरकार के मंत्री पुन्नूलाल मोहले के साले चोवादास खाण्डेकर के दोनों लड़के पुलिस से गाली गलौच करने लगे। इस बीच भीड़ से निकलकर तरूण खाण्डेकर ने आरक्षक के गुप्तांग में जोर से लात मारा।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रगान का अपमान

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित एक यूनिवर्सिटी में कुछ छात्रों द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने का विडियो सामने आया है। श्रीनगर की सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर का यह विडियो 4 जुलाई को हुए यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का है।
जानकारी के मुताबिक श्रीनगर स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान जब राष्ट्रगान शुरू हुआ तो कुछ छात्र कथित तौर पर अपनी सीट पर ही बैठे रहे। हालांकि विडियो में अधिकतर छात्र इस राष्ट्रगान के समय अपनी जगह पर खड़े हुए दिख रहे हैं लेकिन कुछ छात्र ऐसे भी हैं, जो इस दौरान बैठे रहे। कथित तौर पर राष्टगान के अपमान से जुड़ा यह विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**यूनिवर्सिटी ने बताया फर्जी**

इस विडियो को लेकर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. एम अफजल जरगार ने कहा कि दीक्षांत समारोह के दौरान मेन हॉल में जितने भी स्टूडेंट्स थे, सभी राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े थे। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि यह विडियो किस हिस्से का है, हो सकता है कि यह फर्जी हो।

## पहले बजट में कुमारस्वामी ने किसानों को दिया कर्जमाफी का तोहफा

बेंगलुरु (आरएनएस)। कई दिनों की खींचतान के बाद कर्नाटक में बनी कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) की गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विधान सौध में 2018-19 के लिए बजट पेश किया। उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सीएम ने बजट में चुनावी वादे को कुछ हद तक पूरा किया और 2 लाख रुपये या उससे कम का लोन लेने वाले किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की। सीएम ने कर्जमाफी के लिए 34,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का ऐलान किया है।



हालांकि, इस राहत के साथ ही पेट्रोल, डीजल और बिजली की कीमत बढ़ने से किसानों के साथ ही आम जनता के लिए चिंता की लकीरें खींच दी हैं।
रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुमारस्वामी ने 2,13,734 करोड़ के बजट का ऐलान करते हुए कहा कि वह सिद्धारमैया सरकार की सभी योजनाओं को जारी रखेंगे। सर्विस और ऐग्रिकल्चर सेक्टर पर फोकस रखा गया है। उन्होंने जानकारी दी कि साल 2016-17 में वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत थी जो 2017-18 में बढ़कर 8.5 प्रतिशत पहुंच गई। सरकार की प्राथमिकता किसानों के कर्ज माफ करने के लिए संसाधन जुटाने पर है। उन्होंने भरोसा दिलाने की कोशिश की है कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

CMYK